अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार
संख्या 72 पोर्ट ब्लेयर, मंगलवार, 12 मार्च 2024 web: www. and.n

दक्षिणी द्वीपों में "बेहतर आजीविका के लिए जनजातीय लोगों की आय बढ़ाने के लिए मत्स्य प्रौद्योगिकियों और आदान वितरण'' का प्रशिक्षण

पोर्ट ब्लेयर, 11 मार्च।

आईसीएआर–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई) ने मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय और निकोबार के कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से एसटीसी के तहत जनजातीय मछुआरों के लिए गत 6 मार्च, 2024 को कैंपबेल बे और 8 मार्च, 2024 को कमोर्टा के पिलपिलो में "बेहतर आजीविका और आदान वितरण के लिए जनजातियों की आय बढ़ाने के लिए मत्स्य प्रौद्योगिकी" पर युगल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कैंपबेल बे में 6 मार्च, 2024 को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, जनजातीय परिषद के अध्यक्ष श्री बरनबास मंजू मुख्य अतिथि थे और उपाध्यक्ष श्री मोसेस, पुलोभा के कप्तान श्री अल्बर्ट, पिलोपांजा के कप्तान श्री तिमोथी, अफ्रा बे के कप्तान श्री पैट्रिक, पिलोभाबी के कप्तान श्री टाइटस इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से जनजातीय किसानों तक नवीनतम जानकारी पहुंचाने और कैसे करें के लिए सीआईएआरआई के वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों प्रधान वैज्ञानिक सह मत्स्य प्रभाग के प्रमुख (कार्यवाहक) डॉ. एस.के. ज़मीर अहमद, वैज्ञानिक श्री डी. करुणाकरण और सहायक मत्स्य विकास अधिकारी श्री डीत्र जेवियर ने मत्स्य प्रौद्योगिकियों के विभिन्न पहलुओं पर समन्वय चर्चा की और आइस बॉक्स, सुरक्षा जैकेट और हेड टॉर्च लाइट जैसे उपकरणों का उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया।

टीम द्वारा 8 मार्च, 2024 को कमोर्टा के पिलपिलो में इसी तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल 25 जनजातीय मछुआरों ने भाग लिया था। प्रथम कैप्टन श्री तनवीर हुसैन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और द्वितीय कैप्टन श्री साइमन, तृतीय कैप्टन श्री लनामो, चतुर्थ कैप्टन श्रीमती प्रोमिला, मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के एसआईएफ श्री मोहम्मद फारूक़ उपस्थित थे और प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। यहां पर भी मुख्य अतिथि द्वारा जनजातीय किसानों को 25–25 आइस बॉक्स, हेड टॉर्च लाइट और 50 सुरक्षा जैकेट प्रदान किये गये।

दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न कृषि और संबद्ध प्रौद्योगिकियों से अवगत होने के लिए कैप्टन की केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के एक्सपोजर दौरे के अनुरूप था, ताकि आजीविका में सुधार के लिए इसे अपने गांवों में दोहराया जा सके।

टीम ने किसानों से बातचीत करने के लिए कैंपबेल बे में छह गांवों, जोगिंदर नगर, विजय नगर, राजीव नगर, लक्ष्मी नगर, गांधी नगर, शास्त्री नगर और कमोर्टा में पांच गांवों पिलपिलो, ककाना, विजय नगर, चैंपिन, छोटा एनाक, बड़ा एनाक का भी दौरा किया और युवाओं से केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आग्रह किया गया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसर एसटीसी के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर की योजना और मार्गदर्शन के तहत श्री डी. करुणाकरण, डॉ. एस.के. जमीर अहमद की टीम द्वारा मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय और निकोबार के आईसीएआर–कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया था।